भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2821

(दिनांक 17.12.2025 को उत्तर देने के लिए)

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में रिक्तियां

2821. श्री कालिपद सरेन खेरवालः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इसकी विभिन्न शाखाओं और इसके अधीन संस्थानों/संगठनों में स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है और विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त मंत्रालय तथा इसकी विभिन्न शाखाओं और इसके अधीन संस्थानों/संगठनों में वर्ष 2014 से लेकर अब तक वर्ष-वार और श्रेणी-वार रिक्तियों की संख्या कितनी है और आरक्षित पदों की संख्या कितनी है; और

(ग) वर्ष 2014 से लेकर अब तक नियुक्त संविदा कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ग): मंत्रालय में स्वीकृत पदों तथा रिक्त पदों की स्थिति का समय-समय पर पुनरावलोकन किया जाता है। रिक्त पदों को भरने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाती है, ताकि सुचारु कार्य प्रणाली सुनिश्चित हो सके।

कार्य की आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर संविदा आधार पर कार्मिकों की नियुक्ति की जाती है।

****